18-01-2026

PUNJAB KESARI

दिल्ली पुलिस को महिला अस्तित्व सम्मान से नवाजा



नई दिल्ली स्थित पीएचडी हाउस के एलपीएस ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ समारोह

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिल्ली पुलिस को 11वें वुमन अस्तित्व सम्मान और 10वें जूनियर अस्तित्व सम्मान (2025-2026) से सम्मानित किया गया। यह सम्मान शनिवार को नई दिल्ली स्थित पीएचडी हाउस के एलपीएस ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार दिल्ली पुलिस की ओर से स्पेशल पुलिस कमिश्नर अजय चौधरी को प्रदान किया गया।

आयोजक संस्था द्वारा गठित एक प्रतिष्ठित जूरी ने कड़े मूल्यांकन के बाद दिल्ली पुलिस को इस सम्मान के लिए चुना। जूरी ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और कल्याण के लिए दिल्ली पुलिस द्वारा उठाए गए प्रभावी और नवाचारी कदमों की सराहना की। विशेष रूप से स्पेशल पुलिस यूनिट फॉर वूमेन एंड चिल्ड्रन (एसपीयूडब्ल्यूएसी) की पहल को सराहा गया, जिसमें आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम, जेंडर सेंसिटाइजेशन, सामुदायिक जागरूकता अभियान और निवारक पुलिसिंग जैसे प्रयास शामिल हैं। सम्मान ग्रहण करते हुए स्पेशल कमिश्नर अजय चौधरी ने इस उपलब्धि को दिल्ली पुलिस के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों, खासकर एसपीयूडब्ल्यूएसी की टीमों को समर्पित किया गया।

उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उन सभी पुलिसकर्मियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है, जो दिन-रात महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी दोहराया कि दिल्ली पुलिस भविष्य में भी महिलाओं के लिए सुरक्षित, संवेदनशील और समावेशी माहौल बनाने के अपने प्रयासों को और मजबूत करेगी।